आपके बच्चे/बच्ची की शिक्षा

माता/पिता के लिए ओंटारियो की स्कूल प्रणाली के बारे में मार्गदर्शिका

आपकी आवाज आपके बच्चे/बच्ची के सीखने में महत्वपूर्ण होती है और उसकी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत सफलता में काफी अंतर ला सकती है। जब माता-पिता अपने बच्चे/बच्ची की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, तो विद्यार्थी अपनी संपूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित होते हैं।

ओंटारियो माता-पिता और परिवारों के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। **यहाँ ऐसे तरीके दिए गए हैं, जिनके माध्यम से आप अपने बच्चे/बच्ची की शिक्षा यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल हो सकते/सकती हैं:**

- यह तय करें कि वे किस प्रकार के सरकार द्वारा निधीकृत स्कूल में जाते हैं
- सीखने के विकल्प चुनें, उदाहरण के लिए, माध्यमिक विद्यालय कार्यक्रम - जैसे स्पेशलिस्ट हाई स्किल्स मेजर
- आपका बच्चा/बच्ची स्कूल में जो सीख रहा/रही है, उसका अनुसरण करें
- स्कूली वर्ष की मुख्य तिथियों के बारे में जानें
- कुछ प्रकार के शिक्षण से ऑप्ट-आउट करें
- आपका बच्चा/बच्ची स्कूल में कैसे चल रहा/रही है, इस बारे में जानें
- निलंबन और निष्कासन प्रक्रियाओं के बारे में जानें
- स्कूल परिषद की मुलाकात या अभिभावक भागीदारी समिति की मुलाकात में शामिल हों
- सभी बच्चों को सफलता हासिल करने में सहायता देने के लिए विशेष समर्थन के बारे में जानें

और अधिक जानकारी के लिए ontario.ca/EducationGuide पर जाएँ, ताकि आप अपने बच्चे/बच्ची की शिक्षा के बारे में सूचित निर्णय ले सकें।